प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 13.07.2025**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः—**

1—छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र कल से शुरू होगा—अट्‌ठारह जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी।

2—केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को नकली और घटिया उर्वरकों की आपूर्ति पर तत्काल कार्रवाई करने का दिया निर्देश।

3— यात्री सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से रेलवे ने सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का लिया निर्णय।

4—शिक्षा के क्षेत्र में किए जाने वाले ''परख'' राष्ट्रीय सर्वेक्षण में रायगढ़ जिले ने देशभर में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**विधानसभा—मानसून सत्र**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र कल चौदह जुलाई से शुरू होगा। अट्‌ठारह जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी। सत्र के दौरान शासकीय कामकाज सहित अन्य विधायी मामलों पर विचार—विमर्श किया जाएगा। वहीं, किसानों के संबंधित मुद्दे, विशेष रूप से उर्वरकों की कमी, राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति और स्कूलों के युक्तियुक्तकरण सहित अनेक मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। इस सत्र के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष की ओर से एक हजार से अधिक सवाल लगाए गए हैं।

**कांग्रेस विधायक दल—बैठक**

कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज रायपुर स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में हुई। कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉक्टर चरणदास महंत की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कल से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की गई। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और विधायक शामिल हुए।

वहीं, अब से कुछ देर बाद भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में होगी। इस बैठक में सत्ताधारी भाजपा कल से शुरू होने वाले मानसून सत्र के लिए अपनी रणनीति बनाएगी।

**कर्मचारी—प्रदर्शन**

प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी आगामी सोलह और सत्रह जुलाई को प्रदर्शन की तैयारी में है। कर्मचारी सोलह जुलाई को जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। वहीं, सत्रह जुलाई को रायपुर में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। कर्मचारियों के इस प्रदर्शन से प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होंगी। प्रदेश के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों से लेकर ग्राम स्तर पर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सोलह हजार संविदा स्वास्थ्यकर्मी कार्यरत हैं। इनमें डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट, लैब और एक्सरे टेक्नीशियन, एएनएम सहित कार्यालयीन और अस्पतालों के सफाई कर्मचारी तथा हाउस कीपिंग स्टाफ शामिल हैं। कर्मचारियों ने मांग की है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत कर्मचारियों को बेहतर वेतन, अनुकंपा, जॉब सुरक्षा, पे स्केल, नई पेंशन स्कीम, दुर्घटना बीमा, चिकित्सा परिचर्या जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएं। ये कर्मचारी दस से पंद्रह जुलाई तक काली पट्टी पहनकर कार्य कर रहे हैं।

**<u>नकली उर्वरक–कार्रवाई</u>**

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को नकली और घटिया उर्वरकों की आपूर्ति पर तत्काल कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को इस बारे में एक पत्र लिखा है। कृषि मंत्री ने कहा है कि उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्यों का दायित्व है। श्री चौहान ने राज्यों से दोषियों का लाइसेंस रद्द कर प्राथमिकी दर्ज करने को भी कहा है।

**<u>रेल डिब्बा–सीसीटीवी कैमरा</u>**

यात्री सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से रेलवे ने सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। आज नई दिल्ली में आयोजित बैठक में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने इंजनों और कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में श्री वैष्णव ने चौहत्तर हजार कोचों और पंद्रह हजार लोको में सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुमति दी है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक रेलवे कोच में चार डोम सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। वहीं, प्रत्येक प्रवेश मार्ग पर दो और हर लोकोमोटिव में छह कैमरे होंगे। उन्होंने बताया कि सौ किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति और कम रोशनी में भी उच्च–गुणवत्ता वाले सीसीटीवी लगाए जाएंगे, जिससे गुणवत्ता वाली फुटेज उपलब्ध हो सके।

**<u>परख–राष्ट्रीय सर्वेक्षण</u>**

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित ''परख'' राष्ट्रीय सर्वेक्षण में रायगढ़ जिले ने देशभर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। जिले में तीसरी, छठवीं और नवमीं कक्षा के ग्रामीण छात्र–छात्राओं के परिणाम राष्ट्रीय औसत से बेहतर आए हैं। पिछले वर्ष दिसंबर में आयोजित इस सर्वेक्षण में रायगढ़ जिले के इंक्यानवे स्कूलों के तीन सौ पच्चीस शिक्षक और दो हजार सात सौ से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे। इस सर्वेक्षण में शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय तथा अनुदान प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थियों के ज्ञान को बहुविकल्पीय प्रश्नों के माध्यम से आंका गया।

**<u>केंद्रीय राज्यमंत्री–जनजातीय संग्रहालय</u>**

केन्द्रीय जनजातीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान कल नवा रायपुर के आदिम जाति अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान में स्थित नवनिर्मित छत्तीसगढ़ जनजातीय संग्रहालय का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर श्री उईके ने कहा कि यह संग्रहालय भावी युवा पीढ़ी में गौरवशाली आदिवासी संस्कृति के प्रति आत्म गौरव का भाव पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस संग्रहालय के निर्माण से आम लोग भी आदिवासी सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जनजातीय वर्ग के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

## हाईकोर्ट–आरटीई आदेश

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम–आरटीई के तहत भिलाई के रिसाली स्थित डीपीएस, सेक्टर–दस स्थित शंकराचार्य विद्यालय और डीएवी हुडको माइलस्टोन स्कूलों से निष्कासित किए गए चौहत्तर विद्यार्थियों को फिर से प्रवेश और नियमित पढ़ाई की अनुमति देने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने दुर्ग के जिला शिक्षा अधिकारी के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें इन बच्चों को स्कूल से निकालने का निर्देश दिया गया था।

## हाईकोर्ट–नोटिस

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने महासमुंद जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह को कोर्ट के आदेश की अवहेलना करने के आरोप में नोटिस जारी किया है।
हाईकोर्ट ने रायपुर के एक आरक्षक नरेन्द्र यादव पर की गई कार्रवाई के बाद प्रार्थी आरक्षक द्वारा लगाई गई याचिका की सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक को आदेश जारी कर नब्बे दिनों के भीतर सेवा में बहाल करने का आदेश दिया था। लेकिन, पुलिस अधीक्षक ने समय–सीमा बीत जाने के बाद भी आरक्षक की सेवा बहाल नहीं की। इसके बाद आरक्षक नरेन्द्र यादव ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की। इस मामले पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है।

## डिजिटल ठगी

रायपुर की तिरसठ वर्षीय एक महिला से दो करोड़ तिरासी लाख रूपये की डिजिटल ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने दिल्ली साइबर पुलिस के अधिकारी बनकर महिला को वीडियो कॉल के जरिए डिजिटल अरेस्ट कर बीस दिन तक अलग–अलग बैंक खातों में राशि ट्रांसफर कराई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने महिला को धमकी दी कि उसके आधार नंबर से कई फर्जी बैंक खाते खुले हैं और उसका नाम मनी लॉन्ड्रिंग में भी शामिल है। महिला की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं, मुंगेली पुलिस ने इंटरनेट पर फर्जी व्यवसायी बनकर ठगी करने वाले एक आरोपी को ओडिशा के सुंदरगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने तीन वर्ष पहले एक व्यक्ति से एक लाख इकतालीस हजार रूपये की ठगी कर फरार था।

## जवान–श्रद्धांजलि

मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम कोरकोट्टी में बारह जुलाई दो हजार नौ को हुए माओवादी हमले में शहीद पुलिस अधीक्षक विनोद चौबे सहित उनतीस पुलिस जवानों को कल श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिले के रक्षित केन्द्र के साथ ही थाना, चौकी और कैम्प में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला न्यायाधीश सुषमा सावंत, राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य और पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद पौधारोपण भी किया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>